तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 13 दिसंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 लोलेसरा में 21 से शुरू होगा संत समागम





11 समस्याः सिटी बस सेवा बंद होने से विद्यार्थी परेशान




# बेमेतरा जिले में 235 लावारिस खातों के 1.67 करोड़ रुपये का निपटान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार दावा न किए गए वित्तीय संपत्तियों के कुशल और त्वरित निपटान करने कलेक्टर रणबीर शर्मा कि उपस्थिति मे जिला पंचायत परिसर पर जिला स्तरीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। देशभर के 92 जिलों में एक साथ आयोजित "आपकी पूँजी, आपका अधिकार" अभियान के अंतर्गत बेमेतरा जिले में भी व्यापक स्तर पर कार्यक्रम संचालित हुआ। शिविर में जिले के विभिन्न बैंकों के 235 लावारिस एवं निष्क्रिय खातों से कुल 1.67 करोड़ रुपये की राशि का सफलतापूर्वक निपटान किया गया। जिले में ऐसे खातों की कुल अदावाकृत राशि लगभग 10.19 करोड़ है, जिनमें से बड़ी राशि अब तक उनके वैध खाताधारकों को सौंप दी गई है। इस कार्य में भारतीय स्टेट बैंक अग्रणी रहा, जिसने 1.19 करोड़ रुपये की सर्वाधिक अदावाकृत राशि का निपटान किया। इससे अनेक लोगों को आर्थिक सहूलियत मिली है, जो अब इस राशि का उपयोग शिक्षा, चिकित्सा और अन्य आवश्यकताओं में कर सकेंगे। ▶▶| शेष पेज 11 पर

## आपकी पूंजी, आपका अधिकार अभियान

### सरकारी खातों के पुनर्सक्रियन हेतु विशेष शिविर



अभियान के तहत जिला पंचायत परिसर में विशेष रूप से सरकारी खातों को सक्रिय करने और वित्तीय जागरूकता बढ़ाने के लिए शिविर आयोजित किया गया। अग्रणी बैंक प्रबंधक सुशील कुमार सिंह ने शिविर का संचालन किया और जनसामान्य को विस्तृत जानकारी साझा की। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी में श्री प्रकाश भारद्वाज अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, अविनाश कुमार टोपो सहायक प्रबंधक आरबीआई, प्रशांत प्रधान जिला कोषालय अधिकारी, नितिन संघवी मुख्य प्रबंधक एसबीआई रिजनल ऑफिस बलौदाबाजार, गजेंद्र ऊईके मुख्य प्रबंधक एसबीआई बेमेतरा शाखा सहित विभिन्न बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सोशल मीडिया पर अश्लील टिप्पणी वायरल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



■ आरोपी के खिलाफ धारा 296, 351(4) और 67 आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज

सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणियों और अश्लील गालियों को वायरल करने जैसी गंभीर गतिविधियों पर बेमेतरा पुलिस ने तेजी और सख्ती का परिचय देते हुए एक अहम सफलता हासिल की है। थाना सिटी कोतवाली पुलिस टीम ने सुमीत विरानी नामक आरोपी को गिरफ्तार कर सोशल मीडिया दुरुपयोग पर प्रभावी रोक लगाने का मजबूत संदेश दिया है।

घटना का विवरण देते हुए पुलिस ने बताया कि 4 नवम्बर प्रार्थी द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी कि सोशल मीडिया आईडी "सुमित विरानी" से अश्लील गालियां और अपमानजनक वीडियो/संदेश वायरल किए जा रहे हैं। शिकायत के आधार पर थाना बेमेतरा में धारा 296, 351(4) भारतीय न्याय संहिता तथा 67 आईटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने अति. पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह तथा प्रभारी एसडीओपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक मयंक मिश्रा के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी जांच और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की लोकेशन ट्रेस की। विवेचना के दौरान ▶▶| शेष पेज 11 पर

## नए फीडर लाइन कार्य शुरू उपभोक्ताओं को मिलेगा बेहतर बिजली आपूर्ति का लाभ



**बेमेतरा।** शहर में लगातार होने वाली विद्युत आपूर्ति अवरोध की समस्या को दूर करने के लिए बेमेतरा विद्युत विभाग ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। हाई स्कूल रोड, अटल विहार कॉलोनी, पिकरी मानपुर रोड, पिकरी बस्ती, नवागढ़ रोड, कवर्धा रोड, पुलिस लाइन सहित आसपास के क्षेत्रों में लंबे फीडर लाइन होने के कारण बार-बार विद्युत बाधित होने की समस्या सामने आती रही है।

इसी समस्या के स्थायी समाधान हेतु विद्युत विभाग द्वारा बेमेतरा शहर स्थित उपकेंद्र से नवागढ़ चौक तक नई फीडर लाइन बिछाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। नई लाइन तैयार ▶▶| शेष पेज 11 पर

**हादसा**

# नांदघाट सोसाइटी में आगजनी 22 लाख की बोरियां हुई खाक

**75 हजार में से 28500 बोरियां जली**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांदघाट

सेवा सहकारी समिति नांदघाट में धान खरीदी के लिए आया हुवा बारदाना जल कर राख हो गया है। इस वर्ष बारदानों की समस्या न हो खरीदी निर्बाध हो सोच कर एडवांस में ही 75000 बोरियां डंप कर दिया गया था। आज अचानक दोपहर 3:30 को आग लगने से लगभग 28500 नग बोरी जल गया। जब तक हमाल कर्मचारी मिलकर ओ तब तक बहुत बड़ी मात्रा में जूट की बोरियां जल कर राख हो गयी है। आग से लगभग 25 -26 लाख रुपये की क्षति का अनुमान लगाया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डंप बोरे के छल्ली में पीछे से आग लगी थी। जो थाना कंपाऊंड से लगा हुना है।

इस वर्ष खरीदी के लिए आये 75000 बोरीयों में से 33422 बोरियां उपयोग किया जा चुका था। अत्यंत जवलनशील जूट की बोरियां थोड़ी ही देर में धधक उठी हमाल से लेकर किसान कर्मचारी सब मिल जुल कर आग काबू में करने भिड़े, दो दो पंप चला तब कहीं जाकर दो घंटे की कड़ी मेहनत से



आग में काबू पाया गया और जलते आग की लपटों के बीच से ही लगभग तेरह हजार बोरियों को जलने से बचा लिया गया है। समिति अध्यक्ष मनीष जयसवाल ने आगजनी से तत्काल जूझने वाले किसानों कर्मचारियों की सराहना करते हुए इस संबंध में जांच कराने कहा।

## फर्नीचर दुकान में आग, लाखों की सामग्री जलकर खाक



**थान खम्हरिया।** नगर के वार्ड क्रमांक 15 मुख्य मार्ग स्थित एक फर्नीचर दुकान मे 11 दिसंबर की बीती रात अज्ञात कारण से आग लग गयी जिससे कीमती लकडी, दरवाजे ,खिडकियां तथा पलंग जैसे सामान जलकर खाक हो गया।सुबह करीब 4 बजे कुछ नागरीको ने फर्नीचर दुकान मे आग की लपटे देखी तथा बुझाने का प्रयास भी किया गया परंतु उस वक्त तक सब कुछ जलकर खाक हो चुका था,आशंका जताई जा रही है कि आपसी प्रतिद्वंद्विता के चलते ही घटना को अंजाम दिया गया है पुलिस सभी बिन्दुओं पर जांच कर रही है। घटना के मुताबिक नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नं 15 साजा जाने वाली मुख्य मार्ग पर रामफल यादव की एक फर्नीचर दुकान थी जहाँ पर स्वतः बढई का काम कर करता था उक्त दुकान मे कामिल लकडियो से बनी खिडकी दरवाजा, पलंग, सोफा सेट के अलावा अन्य सामग्रीयां भी रखी हुई थी। रोज की तरह 11 दिसंबर की रात्रि 8 बजे वह दुकान बढाकर घर चला गया, इसी दरमियानी रात को अज्ञात व्यक्ति ने उक्त दुकान मे किसी ज्वलंत पदार्थ के सहारे आग के हवाले कर दिया जिसमे रखे सभी समान खाक हो गया। घटना की सूचना तब मिली जब पडोस के एक युवक सुबह 4 बजे मार्निंग वाक मे निकला ▶▶| शेष पेज 11 पर


जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।





# सेना में चयनित हुए दुर्ग के 29 युवा, बढ़ाया जिले का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले के 29 युवाओं ने फौज में चयनित होकर जिले का गौरव बढ़ाया है। गुरुवार को केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने सेवा सदन में इन सभी युवाओं से मुलाकात करते हुए पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन की कौशल विकास योजना के अंतर्गत केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव के प्रयासों से जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 35 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण अवधि में प्रतिभागियों के ठहरने और रहने की समुचित व्यवस्था भी उपलब्ध कराई गई थी। दुर्ग जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए युवा प्रतिभागियों ने प्रशिक्षक विनोद नायर एवं बालकदास डाहरे के मार्गदर्शन में शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल होने के लिए कड़ी मेहनत और अभ्यास किए। मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि दुर्ग जिले के अग्निवीर एवं पुलिस बल में चयनित अभ्यर्थी युवाओं ने पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उनसे मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं दी गईं। उन्होंने यह भी बताया कि जिन प्रतिभागियों ने अग्निवीर भर्ती की लिखित परीक्षा पास की है, उनके लिए इस वर्ष भी पुनः प्रशिक्षण आयोजित किया गया है, ताकि अधिक से अधिक युवाओं का चयन सुनिश्चित हो सके।



मंत्री गजेन्द्र यादव ने दी बधाई, किया सम्मान

### इन अभ्यर्थियों का हुआ चयन

अग्निवीर में करण पटेल, इंद्रकुमार, गजेंद्र ठाकुर, सुनील साहू, लोकेन्द्र, मनीष साहू, तामेश्वर, योगेन्द्र कुमार साहू, लक्ष्मीकांत पारकर, डामेश यादव, मोनेश निषाद, शुभम, विवेक कुमार, गौरव कुमार साहू, प्रभात साहू, विकाश मिश्रा, पल्लव साहू, टिशू यादव, नयन निषाद, तुषार कुमार, शुभम साहू इंडियन नेवी, स्वप्निल दुबे भारतीय वायुसेना इसके अलावा छग पुलिस में संजय निषाद, लिलेश साहू, जनकलाल, लोमश साहू, निशा ठाकुर, नेहा साहू, खिलेश्वर पटेल, ललिता यदु का चयन हुआ है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में जमीन का मूल्यांकन वर्गमीटर के बजाए हेक्टेयर में होगा



दुर्ग। महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक द्वारा जारी गाइडलाइन दरों को निर्धारण नियम 2000 के प्रावधानों के तहत उप जिला, जिला मूल्यांकन समितियों से प्राप्त स्थावर संपत्तियों के बाजार मूल्य निर्धारण से संबंधित गाइडलाइन दर वर्ष 2025-26 को केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया है। दरें 20 नवंबर 2025 से संपूर्ण छत्तीसगढ़ में लागू की गई हैं। नवीन गाइडलाइन वर्ष 2025-26 में विगत 7-8 वर्ष पूर्व की प्रचलित गाइडलाइन की उपबंधों, कंडिकाओं एवं दरों में विसंगतियों को ठीक करने की प्रक्रिया अंतर्गत विभिन्न जनहितैषी सुधार किए गए हैं। जिला पंजीयक प्रियंका श्रीरंगे ने बताया कि राज्य शासन द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में समस्त प्रकार के उपयोग की भूमियों में वर्गमीटर दर को समाप्त कर दिया गया है, जिससे स्टॉम्प एवं रजिस्ट्री शुल्क में आमजनों को फायदा होगा। अब सभी प्रकार की भूमि अर्थात कृषि, गैर कृषि, व्यावसायिक, परिवर्तित समस्त प्रकार के उपयोग की भूमियों के लिए भूमि का मूल्यांकन, बाजार मूल्य का परिकलन भूमि के स्वरूप अनुसार मुख्यमार्ग एवं मुख्यमार्ग के अंदर हेक्टेयर दर से किया जाएगा।

■ 20 नवंबर की तारीख से नई मूल्यांकन दरें लागू, ग्रामीणों और किसानों को मिलेगी राहत

### बाजार मूल्य में बढ़ोत्तरी को देखते हुए लिया गया निर्णय

पूर्व प्रचलित गाइडलाइन 2019-20 के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में 500 वर्गमीटर तक के छोटे कृषि एवं गैर कृषि भूमि का मूल्यांकन वर्गमीटर दर से होता था, जिससे बाजार मूल्य अधिक परिकलित होता था। अधिक स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क प्रभार्य होता था। किन्तु नवीन गाइडलाइन वर्ष 2025 के प्रावधानों के तहत बाजार मूल्य परिकलन में कमी आने से आमजनों को स्टाम्प एवं रजिस्ट्री शुल्क कम चुकाना पड़ेगा, जिससे यह गाइडलाइन आमजनों के हितार्थ स्पष्ट होती है। नवीन गाइडलाइन लागू होने के बाद पंजीयन शुल्क में कमी आएगी।

### हुडकोवासियों ने दर्ज कराई आपत्ति

भिलाई जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं हुडको संघर्ष समिति के संयोजक जावेद खान ने हुडकोवासियों के साथ पंजीयन कार्यालय पहुंचकर आपत्ति दर्ज कराई। गाइड़ लाइन मुल्य में वृद्धि के बाद समूचे प्रदेश मे उपजे असंतोष और विरोध के स्वरूप की तीव्रता को देखते हुए कार्यालय महानिरिक्षक पंजीयन एंव अधीक्षक मुद्रांक छग शासन रायपुर द्वारा समस्त जिले के कलेक्टरों को गाइड़ लाइन दरो एंव उपबंधो के पुनरीक्षण संबंधी केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड के निर्णय से अवगत कराते हुए निर्देश जारी किए हैं। आपत्ति एवं सुझाव 31 दिसम्बर तक मंगाए गए हैं। हुडको में नजूल भूमि तथा आसपास के आवासीय क्षेत्र के संबंध में सुझाव दिया है कि गाइड लाइन मूल्य से कम दर पर वास्तविक खरीदी बिक्री हो रही है। ऐसे में विक्रेता और क्रेता को दो इकरारनामे बनाने पड़ रहे हैं, जो की पूर्णतः गलत है। आरसीसी छत की दर जो कि 1150 रुपए वर्गफीट लगाई गई है, उस पर भी आपत्ति की गई।

## खबर संक्षेप

### रिसाली निगम क्षेत्र के प्रतिनिधि बने गोविन्द



भिलाई। रिसाली नगर निगम क्षेत्र के लिए ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने प्रतिनिधि के रूप में गोविन्द राम साहू को नामित किया है। वे दुंडेरा के रहने वाले हैं और लंबे समय तक किसान नेता के रूप में सक्रिय रहे हैं। किसानों के मुद्दों पर उनकी समझ और लगातार जुड़ाव ने उन्हें इस जिम्मेदारी के लिए मजबूत विकल्प बनाया है। उनकी नियुक्ति पर पार्षद विक्रम चंद्राकर, पप्पू चंद्राकर, मनीष यादव, सांसद प्रतिनिधि इंद्रजीत सोनवानी आदि ने हर्ष जताया है।

### कलम बंद हड़ताल को लेकर बैठक कल

दुर्ग। विभिन्न मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले काम बंद-कलम बंद हड़ताल 29 से 31 दिसंबर तक आयोजित है। राजेश चटर्जी संयोजक कर्मचारी अधिकारी फेडरेसन दुर्ग ने बताया कि उत्तर प्रदेश जैसा बड़ा राज्य जहां कर्मचारियों की संख्या 25 लाख से अधिक है। वहां की सरकार अपने अधिकारी एवं कर्मचारियों को केन्द्र की तिथि जुलाई 2025 से 58 फीसदी महंगाई भत्ता की घोषणा के साथ ही बोनस तथा पेंशनर्स को महंगाई राहत भी दे रही है। जबकि छत्तीसगढ़ में ऐसा नहीं है। 13 दिसंबर शनिवार दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभागार दुर्ग में बैठक रखी गई है।

### गुरु घासीदास जयंती पर शुष्क दिवस घोषित

दुर्ग। 18 दिसंबर गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर ने जिले में स्थित समस्त देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, रेस्टॉरेन्ट, बार, होटल-बार, क्लब आदि जैसे एफएल-1(घघ), एफएल-1 (घघ-कम्पोजिट), सीएस-2 (घघ), सीएस-2 (घघ-कम्पोजिट), सीएस-2 (ग-अहाता), सीएस-2 (ग-कम्पोजिट अहाता), एलएल-1 (ख-अहाता), एलएल-1 (ख-कम्पोजिट अहाता), एफएल 3, 3 (क,ग), 4, 4 (क), 5, 5 (क), 6, 7, 8, सीएस-1, सीएस 1-ग, एफ.एल. 10 एवं भण्डारण भाण्डागार भिलाई को दिसंबर 2025, गुरुवार को पूर्णतः बंद रखने के आदेश दिए हैं।

### 40 लाख से अधिक के कामों को मिली स्वीकृति

दुर्ग। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत निर्माण कार्य के लिए 4004803 रुपए की प्रशासनिक स्वीकृत किया गया है। जिला प्रभारी मंत्री, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग-दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार वार्ड 4 गयानगर स्थित सांस्कृतिक भवन में रसोई कक्ष, शौचालय सह मंच निर्माण हेतु 8.54 लाख रुपए और वार्ड 40 कसारीडीह न्यास आश्रम के सामुदायिक भवन में भूतल एवं प्रथम तल पर रसोई कक्ष निर्माण हेतु 9 लाख 99 हजार रूपए एवं शौचालय निर्माण हेतु 03 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। वार्ड 30 में महावीर स्कूल के बगल में स्थित सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु 9 लाख 98 हजार 803 रुपए तथा धनोरा रोड बोरसी में डोम शेड का निर्माण होगा।

## जर्जर सड़कों की वजह से भी परेशान वार्डवासी, जिम्मेदारों के पास नहीं सुनवाई

# अंबेडकर नगर में पेयजल संकट, पाइपलाइन बिछी लेकिन घरों तक नहीं पहुंच रहा पानी

*अंबेडकर नगर वार्ड 15 में पानी की किल्लत, टूट चुकी सड़कों और गंदगी से भरे सार्वजनिक शौचालयों ने लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी मुश्किल कर दी है। पाइपलाइन होने के बाद भी सप्लाई बंद रहती है। कई इलाकों में पंप चलाकर पानी देना पड़ रहा है। सड़कों पर गड्ढे बढ़ते जा रहे हैं और परदेशी चौक का शौचालय लगातार गंदगी से घिरा रहता है।*

वार्ड परिक्रमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अंबेडकर नगर वार्ड में लोग रोजमर्रा की बुनियादी दिक्कतों से जूझ रहे हैं। सबसे बड़ी परेशानी पानी की है। पाइपलाइन तो बिछाई गई है, लेकिन नलों तक पानी पहुंचता ही नहीं। स्टेट बैंक मार्ग, रोड नंबर जीरो से नौ, राधाकृष्ण कॉलोनी और महावीर मार्ग इन सभी इलाकों में पाइपलाइन मौजूद है, पर सप्लाई ठप रहती है। स्थिति इतनी बिगड़ चुकी है कि रोड जीरो से 9 तक के घरों में पानी भेजने के लिए चार पंप चलाने पड़ते हैं।

अंबेडकर नगर में भी तीन पंप लगाए गए हैं। गर्मी आते ही समस्या और बढ़ जाती है और लोग बूंद बूंद पानी को तरसते हैं। पानी के बाद दूसरी बड़ी समस्या सड़क की है। कई सड़कों पर डामरीकरण की जरूरत है। गड्ढों के कारण सड़क से रोज गुजरने वाले लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती है। वार्ड में दो सार्वजनिक शौचालय हैं एक वैशाली नगर चौकी के सामने और दूसरा परदेशी चौक पर। परदेशी चौक वाला शौचालय सबसे ज्यादा परेशानी खड़ी कर रहा है। अंदर गंदगी, बाहर कचरे का ढेर। स्थानीय लोगों बताया कि यहां साफ-सफाई नियमित नहीं होती, और कचरा डंप होने से इलाके का पूरा माहौल बिगड़ जाता है। वहीं कई जगह नालियां भी जाम है। लोगों ने पानी की सप्लाई नियमित करने, सड़कों की मरम्मत हो और शौचालयों की सफाई की मांग की है।






### पानी को लेकर लोग परेशान

“वार्ड में सड़क डामरीकरण की बेहद आवश्यकता है। इसके लिए करीब दो करोड़ रुपए के स्वीकृति की आवश्यकता है। पानी की संकट से भी लोग परेशान है। नलों में पानी की सप्लाई नहीं होती, बोर से वार्डों के लोगों को पानी उपलब्ध कराया जाता है। वर्तमान में सड़क जीरो से नौ और सड़क नं. 2 व 3 में सीमेंटीकरण होना है। सेंटजॉन स्कूल के पास नाली, पाथ वे, सड़क सीमेंटीकरण और सड़क नं. 5सी, 7 व 8 में सीमेंटीकरण होना है।

-संतोष मौर्या,
पार्षद वार्ड 15 अम्बेडकर नगर, भिलाई

### नई टंकियों के बाद भी नहीं सुधर पाई पानी की सप्लाई



अंबेडकर नगर वार्ड में पानी की समस्या शुरू से बनी हुई है। सुनिता सोनी ने बताया कि पाइपलाइन तो बिछा दी गई है, लेकिन नलों में पानी आता ही नहीं। पहले यहां फरीदनगर की पानी टंकी से सप्लाई होती थी। बाद में राधिकानगर और मंगल बाजार कोहका में दो नई टंकियां बनाई गईं। योजना के मुताबिक नई टंकियों के शुरू होने के बाद फरीदनगर की सप्लाई बंद करनी थी, ताकि दबाव ठीक बने और पानी बराबर पहुंचे। ऐसा नहीं हुआ। नतीजा यह कि अंबेडकर नगर के नलों में पानी नाममात्र आता है। गर्मी में हाल और बिगड़ जाता है। लोग सुबह से लेकर दोपहर तक पानी के इंतजार में बैठे रहते हैं। कई घरों में जरूरत भर भी पानी नहीं पहुंच पाता।

### जर्जर सड़कों से परेशान लोग डामरीकरण की मांग



अंबेडकर नगर वार्ड में सड़कें लोगों के लिए रोज की मुसीबत बन चुकी हैं। वार्ड के निवासी विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि कई जगह सड़कें इतनी खराब हो चुकी हैं कि पैदल चलना मुश्किल हो गया है। बरसात दिनों में हालत और बिगड़ जाता है। उन्होंने कहा कि सड़कें जगह-जगह टूटी हुई हैं। शाम के समय गड्ढे दिखते नहीं और अक्सर लोग फिसल जाते हैं। वाहन चालकों के लिए तो हाल और खराब है। बाइक फिसलने, पंचर होने और रोजमर्रा की छोटी दुर्घटनाओं की शिकायतें बढ़ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पूरे वार्ड को डामरीकरण की जरूरत है। कई रास्ते सालों से मरम्मत का इंतजार कर रहे हैं। कुछ हिस्सों में सिर्फ मिट्टी भर दी जाती है, जिससे कुछ दिन राहत मिलती है, लेकिन थोड़ी बारिश होते ही सड़क फिर टूट जाती है। उनका कहना है कि जब पानी और सफाई की समस्या पहले से मौजूद है।

### लोकभारती स्कूल के पास पार्क में अंधेरा, दुर्घटना बढ़ी



लोकभारती स्कूल के पास रहने वाले अनिश ने बताया कि इलाके का पार्क कई तरह के सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का केंद्र है, लेकिन रोशनी की कमी ने इसे समस्या का स्थान बना दिया है। शाम होते ही पार्क पूरी तरह अंधेरे में डूब जाता है। लोग कार्यक्रमों में शामिल तो होते हैं, लेकिन लौटते समय असुरक्षा महसूस करते हैं। अनिश का कहना है कि अंधेरा सिर्फ परेशानी नहीं, खतरा भी पैदा करता है। आसपास रहने वाले लोग बताते हैं कि रोशनी न होने से असामाजिक तत्वों का आना-जाना बढ़ जाता है। कई बार देर रात लोग यहां बैठे दिखाई देते हैं, जिससे आसपास के परिवार असहज महसूस करते हैं। बच्चों और बुजुर्गों को पार्क तक जाने में भी झिझक होती है। पार्क में कार्यक्रम होते रहते हैं।



# ठंड को देखते हुए स्कूलों को समय में परिवर्तन को लेकर कांग्रेसी मिले कलेक्टर से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर जिला कांग्रेस कमेटी का प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर अभिजीत सिंह से मिला। इस दौरान बढ़ती कड़ाके की ठंड को देखते हुए स्कूलों के सुबह की पाली के समय में परिवर्तन करने की मांग की गई। इस दौरान कहा गया कि छोटे बच्चों को ठंड से राहत मिले और स्वास्थ्य जोखिम कम हो। दूसरा विषय मतदाता सूची के समुचित पुनरीक्षण, डिजिटलाईज्ड सूची में त्रुटियों के निराकरण, फॉर्म-6, 7 और 8 की पर्याप्त उपलब्धता तथा गलत वार्ड में दर्ज नामों को चिन्हांकित कर हटाने से संबंधित था। कांग्रेसियों ने कहा कि तत्काल संशोधन किया जाए तथा शिक्षा विभाग को इसके लिए स्पष्ट निर्देश दिए जाएँ। साथ ही मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान किसी भी पात्र मतदाता का नाम न छूटे, त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों का संशोधन किया जाए, और सभी फॉर्म आसानी से जनता को उपलब्ध हों। गलत वार्ड में दर्ज नामों को सही वार्ड में स्थानांतरित करने पर भी बल दिया गया।

अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि ठंड से बच्चों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। मतदाता सूची की त्रुटियां नागरिकों के अधिकारों को प्रभावित कर रही हैं। दोनों ही विषय अत्यंत संवेदनशील हैं और प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप अपेक्षित है। जिला कांग्रेस जनहित के हर मुद्दे को गंभीरता से उठाती रहेगी। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, दीपक दुबे, अलताफ अहमद, संजय कोहले, राजेश यादव, प्रवक्ता नासिर खोखर, सुशील भारद्वाज, भास्कर कुंडले, प्रकाश जोशी, राय सिंह ढीकोला, महिप सिंह भुवाल, राकेश यादव, प्रीतम देशमुख सहित अन्य मौजूद थे।

■ एसआईआर को लेकर भी दर्ज कराई आपत्ति

# रेलवे अधिग्रहण प्रभावित किसानों का बड़ा विरोध

दुर्ग। रेलवे परियोजना से प्रभावित किसानों ने पुरई के मिनी स्टेडियम में एक महत्वपूर्ण सभा आयोजित की, जिसमें नायब तहसीलदार वसुमित्र दिवान, पटवारी विवेक देवांगन, घनश्याम, रेवेन्यू इंस्पेक्टर घनश्याम चंद्राकर सहित अन्य उपस्थित थे। किसानों ने एकमत होकर नायब तहसीलदार को विस्तृत ज्ञापन सौंपा। यह स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगों पर लिखित एवं संतुष्टिपूर्ण जवाब नहीं मिल जाता, तब तक सर्वे और संबंधित कार्यों पर उनकी असहमति बनी रहेगी। किसानों ने नायब तहसीलदार को अवगत कराया कि लंबित आवेदनों का जवाब और कार्यवाही लंबित है। गाइडलाइन दर की स्थिति स्पष्ट होने तक किसी भी तरह का सर्वे कार्य नहीं किया जाएगा। नायब तहसीलदार द्वारा बताया गया है कि 31 दिसंबर 2025 तक पुनर्विचार याचिका प्रक्रिया चलेगी, जिसके बाद नवीन दर लागू होगी। किसानों ने घोषणा की है कि 31 दिसंबर तक रेलवे संबंधित सभी कार्यों पर असहमत रहेंगे। किसानों ने कहा कि 2025-2026 की गाइडलाइन दरों में कई समीपवर्ती ग्रामों में अत्यधिक असमानता है, और कुछ ग्रामों में वर्ग मीटर की दरें पूर्व की तुलना में कम कर दी गई हैं। किसानों को आशंका है कि रेलवे निर्माण के बाद खेतों तक ट्रैक्टर, हार्वेस्टर पहुंचने का रास्ता अवरुद्ध होगा, तथा नहर/जलमार्ग में बाधा आने से सिंचाई प्रभावित होगी। किसानों ने वैकल्पिक पहुँच मार्ग तथा सिंचाई व्यवस्था बाधित न होने का कलेक्टर महोदय द्वारा स्पष्ट एवं लिखित आश्वासन मांगा। भारतमाला परियोजना में हुए असमान मुआवजे (पाटन में 4 गुना, दुर्ग में 2 गुना) के कारण दोबारा ऐसी स्थिति का डर है। अतः स्थिति स्पष्ट एवं पारदर्शी तरीके से रखी जाए।

नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



# सार्वजनिक स्थलों पर जलाए गए अलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



लगातार बढ़ रही ठंड और शीतलहर को देखते हुए दुर्ग निगम ने विशेष कदम उठाए हैं। महापौर अलका बाघमार और आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर प्रतिदिन अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है।

अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर कुमार ने बताया कि ठंड के असर को देखते हुए अलाव रात के समय नियमित रूप से जलाए जा रहे हैं। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, जिला चिकित्सालय, प्रमुख चौक और भीड़भाड़ वाले बाजारों सहित कई संवेदनशील स्थानों पर यह व्यवस्था शुरू हो चुकी है। इसके साथ ही वे क्षेत्र जहाँ बुजुर्ग, असहाय और गरीब वर्ग ज्यादा रहते हैं, वहां विशेष रूप से अलग-अलग जगह अलाव की व्यवस्था की गई है, ताकि किसी को भी ठंड से परेशानी न हो।

महापौर और आयुक्त ने कहा कि निगम का प्रयास है कि शीतलहर के दौरान कोई भी राहगीर, बुजुर्ग या गरीब व्यक्ति ठंड से न जूझे। सभी जगह अलाव सही समय पर जलें, इसके लिए नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है।


## पूर्व विधायक अरुण वोरा ने स्थल का किया अवलोकन

# दुर्ग शहर की मुख्य पाइपलाइन लीकेज से भारी जलसंकट, दो दिन के बाद भी नहीं आ रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर निगम दुर्ग क्षेत्र के गंजपारा कब्रिस्तान के पास स्थित प्रमुख पेयजल आपूर्ति पाइप लाइन में हुए बड़े लीकेज के कारण बुधवार से दुर्ग शहर के अनेक वार्डों में जलापूर्ति बाधित है। मरम्मत कार्य के दौरान पाइपलाइन के आसपास की मिट्टी धंस जाने से निगम टीम का काम बीच में ही रुक गया, जिसके चलते गुरुवार सुबह भी शहर के मध्य एवं आसपास के कई वार्डों में पानी नहीं पहुंच पाया।

गुरुवार को स्थिति का जायज़ा लेने दुर्ग शहर के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोरा तथा पूर्व महापौर आरएन वर्मा मौके पर पहुंचे। निगम अधिकारियों से विस्तृत जानकारी लेकर तत्काल सुधार के निर्देश दिए। वोरा ने कहा कि लगातार तीन पाली तक बाधित जलापूर्ति ने 22 से 24 वार्ड के हजारों नागरिकों को भारी परेशानी में डाल दिया है। शहरवासी निगम से जल्द और ठोस समाधान की अपेक्षा कर रहे हैं।निगम ने गुरुवार सुबह तक जलापूर्ति सामान्य करने का भरोसा दिया था, परंतु अब भी वार्डों में पानी नहीं पहुंचा है। मरम्मत कार्य को शीर्ष प्राथमिकता में लेकर तुरंत पूरा किया जाए। वर्मा ने कहा कि नगर निगम को स्थायी समाधान की दिशा में सोचना चाहिए। जब तक मजबूत एवं तकनीकी रूप से टिकाऊ व्यवस्था नहीं बनेगी, तब तक शहर बार–बार जल संकट झेलता रहेगा। बुधवार को मरम्मत के लिए लिए गए शटडाउन के कारण शंकरनगर सहित पांच पानी टंकियों से द्वितीय पाली की जलापूर्ति प्रभावित रहा। अब मिट्टी हटाने और सीपेज का पानी निकालने के बाद मरम्मत दोबारा शुरू होने की उम्मीद है।



## प्रवचन : गौ प्रतिष्ठा यज्ञ व कथा में उमड़ा श्रद्धा का सागर

# शिव महापुराण कथा में शिव-सती व पार्वती महिमा का दिव्य वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

कृषि उपज मण्डी परिसर में आयोजित गौ प्रतिष्ठा यज्ञ व शिव महापुराण कथा में स्वामी ज्योतिर्मयानंद ने अपने दिव्य ज्ञानामृत वचनों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। स्वामी जी ने शिव–सती–पार्वती की पावन कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि शिवमहापुराण में वर्णित यह प्रसंग ब्रह्मांडीय शक्ति, त्याग, तपस्या और दिव्य प्रेम का अद्वितीय संगम है। स्वामी जी ने बताया कि देवी सती के यज्ञ-अवमानना के कारण देह त्याग के बाद सृष्टि शोक से भर उठी।

इसी समय से ब्रह्मांड में नये क्रम की शुरुआत होती है, जब जगदम्बा पुनः पर्वतराज हिमालय के घर पुत्री पार्वती के रूप में अवतरित होती हैं। जन्म से ही पार्वती का तप, तेज और शिवभक्ति उन्हें अद्वितीय बनाती है।स्वामी ज्योतिर्मयानंद ने श्रद्धालुओं को बताया कि पार्वती के गहन तप से प्रसन्न होकर भले ही देवगण विवाह हेतु उत्साहित थे, पर मार्ग सरल नहीं था। जब पार्वती ने शिवजी की सेवा और साधना से उन्हें प्रसन्न किया, तब प्रभु शिव ने विवाह का विचार स्वीकार किया, लेकिन पर्वतराज हिमालय से स्वयं वर-मांगने से विनम्रता पूर्वक इंकार कर दिया। उन्होंने कहा कि शिव के इस वचन—"काल स्वयं उचित मार्ग प्रशस्त करेगा"—के पीछे गहन दार्शनिक



संदेश छिपा है। उधर, हिमालय अपनी तपस्वी पुत्री को भस्म-विभूषित, विरक्त योगी के साथ विवाह हेतु देने में संकोच कर रहे थे। देवतागण चिंतित हुए, क्योंकि इसी दिव्य मिलन से संसार के हित और दैत्य-विनाश का मार्ग प्रशस्त होना था। तब देवर्षि नारद सहित अनेक देवगण हिमालय के पास जाकर पार्वती के तप और शिव के महिमामय स्वरूप का वर्णन करते हैं, जिससे पर्वतराज सहमत हो जाते हैं।

### ऐतिहासिक और अद्वितीय शिव बारात

कथा के अगले प्रसंग का वर्णन सरस्वती जी ने भावपूर्ण शब्दों में किया। उन्होंने बताया कि शिव-पार्वती विवाह की बारात संपूर्ण पुराणों में अद्वितीय बताई गई है। इस बारात में देवगण, नागकुल, भैरवगण, गंधर्व, यक्ष, सिद्ध, किन्नर, भूत-प्रेत, पिशाच, तपस्वी, वन्य जीव-जंतु, पशु-पक्षी—सभी लोकों के जीव एक साथ सम्मिलित हुए। स्वामी जी ने कहा कि यह बारात न केवल विराट थी, बल्कि शिव के सर्व-समावेशी स्वरूप का प्रतीक भी थी। गंधर्वों के गान, अप्सराओं के नृत्य और भैरवों की गर्जना से पूरा ब्रह्मांड गूँज उठा। स्वामी जी ने आगे बताया कि विवाह के शुभ अवसर पर देवताओं ने जगदम्बा का स्तवन करते हुए कहा कि हे जगदम्बे! आप ही देवताओं की माता हैं, सृष्टि की शक्ति और मूल आधार हैं। आपकी कृपा से ही दैत्य नाश और धर्म की रक्षा संभव है। उन्होंने कहा कि शिव और शक्ति केवल दम्पति नहीं, बल्कि चेतना और ऊर्जा, पुरुष और प्रकृति के दिव्य मिलन का प्रतीक हैं। ब्रह्मांड का संतुलन शिव की स्थिरता और शक्ति की क्रिया से ही संभव है।

# महान सनातन वैष्णव परंपरा में तंत्र मंत्र टोने टोटके का स्थान नहीं, भक्ति ही एक मात्र मार्गः डॉ सौरव निर्वाणी

## अंधविश्वास से बड़ा कोई दानव नहींः धर्म स्तंभ काउंसिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

कोरबा में तंत्र-मंत्र के बहकावे में तीन लोगों की हुई निर्मम हत्या ने पूरे छत्तीसगढ़ को हिलाकर रख दिया है। धर्म स्तंभ काउंसिल इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे अंधविश्वास, तांत्रिक कुप्रथाओं और धन-लालसा पर आधारित अपराध का भयावह उदाहरण बताता है। यह अत्यंत चिंताजनक है कि आज भी समाज में कुछ लोग "धन-वर्षा", "चमत्कार" और "गुप्त तांत्रिक शक्ति" जैसी बातों के जाल में फँस रहे हैं, जिसका परिणाम सीधा-सीधा हिंसा और मृत्यु के रूप में सामने आता है। धर्म स्तंभ काउंसिल के सभापति डॉ. सौरव निर्वाणी ने इस घटना पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए कहा"सनातन धर्म में भक्ति, साधना, सत्य और ज्ञान सर्वोपरि हैं। धन-वर्षा, तंत्र-कर्म और गुप्त शक्तियों के नाम पर किया जाने वाला कोई भी कर्म धर्म नहीं, बल्कि अधर्म हैऔर ग़ैर वैज्ञानिक है ,सरकार द्वारा छापे गए नोट को बाज़ार में लाने की एक प्रक्रिया है किन नंबर की वर्षा होगी,अगर हुई तो वो कहाँ से सीधे आ सकते हैं यह सामान्य समझ की बात है ,कोरबा की यह घटना समाज के लिए कठोर चेतावनी है कि अंधविश्वास और तांत्रिक ढोंगियों पर विश्वास करना सीधे मृत्यु के द्वार पर ले जाता है। *धर्म स्तंभ काउंसिल तांत्रिक कुप्रथाओं के विरुद्ध प्रदेश-व्यापी जागरण अभियान छेड़ेगा* हम प्रशासन से मांग करते हैं कि दोषियों को कठोरतम दंड दिया जाए।"डॉ. निर्वाणी ने आगे कहा सनातन में भगवान भक्ति से मिलते हैं, हिंसा और काले जादू तंत्र से नहीं,समाज को जागृत होना होगा, वरना ऐसे अपराध दोबारा होते रहेंगे।"

■ तीन हत्याओं ने खोली तांत्रिक खेल की पोल

### महंत सुरेन्द्र दास ने की घटना की गहरी निंदा

उन्होंने कहा कि यह घोर अधर्म है कि किसी मनुष्य को तंत्र-मंत्र के नाम पर मार डालने जैसी कुत्सित मानसिकता समाज में जगह बना रही है। सनातन धर्म स्पष्टतः कहता है—'अहिंसा परमो धर्मः'।

कोई भी साधु, महंत या गुरु कभी ऐसे कर्मों को प्रोत्साहित नहीं कर सकता। यह काला-जादू नहीं, बल्कि क्रूर अपराध है। हम जनता से आग्रह करते हैं कि किसी भी तांत्रिक, झूठे बाबा या चमत्कार दिखाने वाले व्यक्ति से दूरी बनाए रखें और तुरंत उसकी सूचना पुलिस और प्रशासन को दें। महंत ने कहा सच्चा धर्म व्यक्ति को प्रकाश देता है, अंधकार नहीं।

समाज को भक्ति, सेवा और सदाचार से ही शांति मिलेगी धर्म स्तंभ काउंसिल जल्द ही प्रदेश में तंत्र मंत्र जादू टोना टोटका के ख़िलाफ़ एक विशेष अभियान चलाएगा, जिसमें- मंदिरों में जागरूकता कार्यक्रम महिलाओं और युवाओं के लिए सुरक्षा-संवेदना सभाएँ, सोशल मीडिया पर चेतना अभियान आदि आयोजित किए जाएंगे। धर्म स्तंभ काउंसिल के डॉ रविन्द्र द्विवेदी ने माँग की है दोषियों पर कठोरतम दंड सुनिश्चित किया जाए। तांत्रिक झांसे और काला-जादू करने वालों पर विशेष निगरानी रखी जाए।प्रशासन गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाए ।

### प्रतियोगिता में जिले के तीन खिलाड़ियों का चयन

कवर्धा। सॉफ्टबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 47 वी सीनियर राष्ट्रीय स्तरीय सॉफ्टबॉल पुरुष-महिला वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन पश्चिम बंगाल के दत्तापुलिया जिले में 14 से 18 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमे छत्तीसगढ़ के महिला एवं पुरुष वर्गो की टीम भी सम्मिलित हो रही है।

### बैगा पर्यावास व जैव-विविधता की पुनरोत्थान योजना कार्य प्रारंभ



हरिभूमि कोलेगांव। शुक्रवार को आदिवासी समता मंच द्वारा दो दिवसीय बैगा पर्यावास और जैव-विविधता के पुनर्जनन पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन पंडरिया में किया गया। इस कार्यक्रम में पंडरिया ब्लाक के लगभग 75 गांव से आए हुए 236 महिला-पुरुष शामिल हुए। कार्यक्रम के दूसरे दिन के प्रारंभ में आदिवासी समता मंच की अध्यक्षा ने लोगों के साथ मिलकर आदिवासी गीतों और नारों के साथ किया। तत्पश्चात उन्होंने आदिवासी की जीवन शैली और दूसरों द्वारा उनके साथ किए जाने वाले व्यवहार पर बात रखी। इसके पश्चात पर्यावास अधिकार का महत्व, जंगल का स्वास्थ, प्रबंधन, योजना बनाकर, जंगल बचाने, पेड़ लगाने, श्रमदान द्वारा काम करने पर बात रखी। उन्होंने कहा कि जंगल बचेगा तभी जीव-जंतु, जानवर भी बचेंगे साथ ही साथ उन्होंने वन प्रबंधन करने की योजना भी बताई। इसके पश्चात सभी लोगों को 12 समूहों में बांटकर पर्यावास की पुनरोत्थान योजना पर समूह चर्चा की गई। जिसमें पर्यावास को पुर्नजीवित करने में आपकी क्या भूमिका होगी, आपकी संस्कृति में ऐसी कौन-कौन सी बातें हैं जिसके कारण पुर्नजीवन की प्रकिया निरंतर चलती रहती है, बैगा अपने पर्यावास की सुरक्षा कैसे करेंगे, पर्यावास की स्थिति सुधारने के लिए शासन के विभिन्न विभागों से क्या मदद या सहयोग चाहिए, शासन और शहर में रहने वाले लोगों का नजरिया जंगल में रहने वालों के प्रति कैसा है, परम्परागत जीवन पद्धति को बनाए रखने के लिए किस प्रकार के अधिकार चाहिए, आदिवासियों की परम्परा और संस्कृति को जीवित रखने में कौन कौन सी बाधाएं आती है और किससे, प्रकृति, पेड़-पौधे, जीव-जंतु के साथ आप कैसे बातचीत करते हैं और आपका क्या रिश्ता है, जंगल आपको कैसे खुश रखता है व क्या जंगल में कुछ भी करने से पहले वनविभाग, कंपनियां इत्यादि आपसे अनुमति सहमति या राय लेते है तथा जैवविविधता-पर्यावास बचाने में आपके पारम्परिक ज्ञान को सरकार कितना महत्व देती है एवं पर्यावास को सुरक्षित रखने के लिए किस प्रकार की व्यवस्था लोगों द्वारा हो नी चाहिए ग्रामसभा, पंचायत, ब्लाक, जिला स्तर पर साथ ही साथ समूह चर्चा के उपरांत प्रस्तुतीकरण में महत्वपूर्ण बातें निकलकर आई। जिसमें सुखीराम बैगा तिनगड्डा, पनकीन बाई जामुन टोला ने कहा कि जंगल हमारे माता पिता हैं। गौठूराम बैगा हेबिटाट अधिकार समिति के अध्यक्ष ने कहा कि हमारे लिए एक पेड़ सौ पुत्रों के बराबर होता है, उन्होने कहा कि हमको संगठित होकर पर्यावास की सुरक्षा सुनिश्चित करना होगा। रामबाई मराडबरा, रमली झुमर ने बताया कि कैसे हम चिड़िया की आवाज से जान जाते हैं कि बरसात होगी, सूखा पड़ेगा, अधिक पानी गिरेगा, बिसाहु राम, दसमीबाई सरहापथरा ने कहा कि जंगल हमें सब कुछ देता है, इसलिए हम खुश हैं। शोभाराम आगरपानी, रामकुमार तेलियापानी ने कहा कि पर्यावास अधिकार के साथ हमें प्रबंधन का अधिकार भी मिलना चाहिए। इसी तरह शिकारी राम भंगीटोला, बानिहारिन बाई अजवाईनबाह, तितरो बांगर, शिवकुमार कमराखोल, लमनू पंचगईया जामुन टोला, लमना चिताडबरी, सेमलाल चतरी ने भी अपनी बातें कहीं। इसके बाद सबने पर्यावास अधिकार लेकर रहेंगे का प्रण लिया, इस दौरान बड़ी संख्या में बैगा आदिवासी ग्रामीण जन उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप

### आरक्षक भर्ती परीक्षा में चयनित अभ्यर्थी सम्मानित



हरिभूमि कवर्धा। छत्तीसगढ़ पुलिस जीडी आरक्षक भर्ती परीक्षा का परिणाम जारी हुआ, जिस पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि गंगाबाई लोकचंद्र साहू ने अपने क्षेत्र के चयनित आरक्षक सीजी पुलिस भर्ती में चयनित होने पर अभ्यर्थी को शाल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान देवराम साहू, देवकुमार पटेल, गयाराम साहू, सूर्यप्रकाश पटेल, दिलाराम साहू, फुलेश्वर साहू, चंपा पटेल, प्रहलाद पटेल सहित बड़ी संख्या में बड़ी संख्या में आसपास क्षेत्र के गणमान्य नागरिक व ग्रामीण जन उपस्थित थें।

### केसीजी जिला साहू संघ के प्रथम निर्वाचित अध्यक्ष बने टीलेश्वर

खैरागढ़। पूर्व जनपद अध्यक्ष टीलेश्वर साहू जिला साहू संघ के पहले निर्वाचित अध्यक्ष बने। प्रदेश साहू संघ द्वारा नियुक्त चुनाव पर्यवेक्षक रमेश साहू, हरि द्वारिका साहू, मुख्य चुनाव अधिकारी परदेशी राम साहू, सहायक चुनाव अधिकारी हिरेंद्र कुमार साहू, सेवक राम साहू, भागवत साहू, किशोरी लाल साहू, रोशन लाल साहू, चरण साहू के मार्गदर्शन में जिला साहू संघ का प्रथम चुनाव हुआ। इस अवसर पर जिला साहू संघ संरक्षक बिसेसर साहू, भुनेश्वर साहू, मिनेश साहू, प्रीतलाल साहू, जैनेंद्र साहू, हरि साहू, लखनलाल साहू, पुरुषोत्तम साहू, परमानंद साहू, यदुकुमार साहू, घम्मन साहू, श्याम सुंदर साहू, शत्रुघ्न साहू, गोवर्धन साहू, महेन्द्र कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित थे।

## निधन

### सुरूज बाई चंद्रवंशी



हरिभूमि कोलेगांव। विकासखंड पंडरिया के ग्राम कंझेटा निवासी श्रीमती सुरुज बाई चंद्रवंशी का आकस्मिक निधन गुरूवार को हो गया, वहीं स्व. सुरूज बाई चंद्रवंशी का अंतिम संस्कार सुबह 10 बजे गृह ग्राम कंझेटा स्थित मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें आसपास के ग्रामीण जन भारी संख्या में पहुंचकर स्व. सुरूज बाई चंद्रवंशी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। स्व. सुरूज बाई चंद्रवंशी जिला उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी का दादी थी, उनके निधन से चंद्रवंशी परिवार में भारी शोक व्याप्त है।

# समस्याः सिटी बस सेवा बंद होने से विद्यार्थी परेशान

## विद्यार्थियों और आम नागरिकों को हो रही समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में सिटी बस सेवा बंद होने से शिक्षण संस्थानों में शिक्षा ग्रहण करने के लिए आने वाले विद्यार्थियों को भारी दिक्कत व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह बस सेवा विद्यार्थियों और आम नागरिकों की समस्या को देखते हुए शहर के चौक-चौराहों और शिक्षण संस्थानों से लेकर बस स्टैंड तक शुरू की गई थी, जो केवल मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के शासनकाल में चला और अंतराल में फिर से बंद हो गई। उसके बाद अब तक इस सेवा को दोबारा बहाल करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है। अब फिर से भाजपा की सरकार आ गई है, जिसे डबल इंजन की सरकार कहते हैं इसके बाद भी सिटी बस शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के सड़कों पर संचालित नहीं हो रहा है, क्योंकि सड़क हादसा दुर्घटना प्रतिदिन हो रहे हैं। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार विद्यार्थियों को 3 से 4 किलोमीटर का सफर या तो पैदल तय करना पड़ता है या फिर उन्हें ऑटो में किराया देकर बस स्टैंड से संस्थानों तक पहुंचना पड़ता या फिर जल्दबाजी से मोटर सायकिल में छात्र-छात्राओं को ले जाना पड़ता है, जिससे सड़क दुर्घटना का खतरा बना रहता है। जिस पर ग्रामीणों ने अब वर्तमान में सिटी बस को तत्काल लागू करने की अपील की गई ताकि आम नागरिकों तथा छात्र-छात्राओं को लाभ मिल सके।

### सिटी बस नहीं चलने से स्कूली छात्र छात्राओं को भारी परेशानी

बताया जाता है कि सिटी बस नहीं चलने से स्कूली विद्यार्थियों को भारी दिक्कते उठाना पड़ रहा है। स्कूल और कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने सही स्कूल समय में नहीं पहुंच पाते हैं, ग्रामीण छात्र-छात्राएं बिलासपुर नेशनल मार्ग और रवेली मार्ग पर सिटी बस चालू करने की अपील की गई, ताकि स्कूल सही समय पर पहुंच सके। बताया जाता है कि सुबह से ही ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राएं सड़क किनारे चौक-चौराहे पर निजी बस का इंतजार करते रहते हैं कभी बस में अधिक सवारी होने पर ड्राइवर बस को नहीं रोकता, वहीं निराश होकर छात्र-छात्राएं फिर घर वापस चले जाते हैं यदि सिटी बस चालू कर दिया जाए तो विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में राहत मिल सकता है।

# अन्नपूर्णा मुहिम, लगातार कर रही सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

संत रामपाल महाराज की प्रेरणा से जारी अन्नपूर्णा मुहिम जरूरतमंद परिवारों के लिए संजीवनी बन रही है। ब्लाक के अवेली निवासी लकवा से पीड़ित रिखीराम पटेल का पूरा परिवार गुजर बसर करने मे असमर्थ है उनके यहॉ संत के अनुयायी बीते 25 सितम्बर को पहली बार और अब 21 अक्टूबर




को दीप पर्व से पहले दूसरी बार पूरी राशन सामग्री देने पहुॅचे और तीसरी बार 11 दिसंबर को जब पहुॅचे तो पटेल परिवार ने कहा कि उन्हें विश्वास नहीं था कि उन्हे दूसरी और तीसरी बार कोई सहयोग करने अगो आएगा क्योंकि ज्यादातर संगठन एक बार मदद कर आगे बढ़ जाते हैं लेकिन संत रामपाल ने दिखाया कि जिस परिवार को वे अपनाते हैं उसे जीवनभर नहीं छोड़ते। रिखीराम पटेल ने भावुक होकर कहा कि आज की दुनिया में कोई किसी का नहीं होता लेकिन संत ने हमें अपना लिया है। सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र सेन और ग्रामीणों ने कहा कि संत बिना किसी स्वार्थ के समाज सेवा कर रहे हैं और यह मुहिम पूरे देश में चलनी चाहिए।

# जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकी रोजाना चालू हो, लीकेज पाइप लाइन मरम्मत की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम अमली-मालगी में जल जीवन मिशन के तहत 88 लाख रुपए की लागत से निर्मित विशाल पानी टंकी बनाई गई है, ताकि गांव को शुद्ध पेयजल की नियमित रूप से आपूर्ति मिल सके, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि पानी टंकी सप्ताह में केवल एक-दो दिन ही चालू की जाती है, जिसके कारण अधिकांश ग्रामीण जनो को जल जीवन मिशन योजना का लाभ नहीं पहुंच पा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बिछाई गई पाइप लाइन कई स्थानों पर लीकेज है, जिससे लगातार पानी बहकर बाहर निकल रहा है और शुद्ध जल की भारी बर्बादी हो रही है।

जिस पर ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण के दौरान लापरवाही के कारण ये समस्याएं उत्पन्न हुई है, जिनकी सुधार तथा मरम्मत अभी तक नहीं की गई है। जिस पर ग्रामीणों ने प्रशासन को इस ओर ध्यान देने तथा पेयजल समस्या को गंभीर लेते हुए ग्रामीणों ने मांग की है कि पानी टंकी को रोजाना निर्धारित समय पर सुबह-शाम चालू किया जाए, जहां-जहां पाइप लाइन लीकेज है वहां ठेकेदार द्वारा तत्काल सुधार व मरम्मत कार्य किया जाए। जिससे घरों घर लगाए गए नल कनेक्शन में शुद्ध पेयजल की सप्लाई नियमित और निर्बाध रूप से उपलब्ध हो।

## पेज 9 के शेष

### बेमेतरा जिले में 235 लावारिस ...

"आपकी पूंजी, आपका अधिकार" पुस्तक का विमोचन

कार्यक्रम के दौरान "आपकी पूंजी, आपका अधिकार" पुस्तक का विमोचन भी किया गया। पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। जिला दंडाधिकारी श्री रणबीर शर्मा ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य बिना दावे वाली वित्तीय संपत्तियों को शीघ्र उनके वैध धारकों तक पहुँचाना, निष्क्रिय धन की बड़ी मात्रा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, उद्गम पोर्टल जैसे डिजिटल साधनों के माध्यम से पहुँच सुनिश्चित करना तथा पारदर्शी और समयबद्ध निपटान को गति देना है।

### सोशल मीडिया पर ...

पुलिस ने आरोपी सुमीत विरानी पिता बच्चूमल विरानी, उम्र 26 वर्ष, निवासी बेमेतरा, हाल–तोरवा जिला बिलासपुर) को 11 दिसंबर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से लगभग 20 हजार रुपये मूल्य का मोबाइल फोन भी जप्त किया गया, जिसके जरिए अश्लील कंटेंट वायरल किए जा रहे थे। आरोपी पर विधिवत कानूनी कार्रवाई की गई है।

**पुलिस टीम का सराहनीय योगदानः** इस सफल कार्रवाई में निरीक्षक मयंक मिश्रा, प्रधान आरक्षक भूषण ठाकुर, हेमंत साहू, आरक्षक राजेन्द्र मेरावी, श्रवण वर्मा, राहुल यादव, मनीष मिश्रा, बिरेन्द्र साहू सहित थाना सिटी कोतवाली के पूरे स्टाफ की भूमिका प्रशंसनीय रही।

**सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर पुलिस की सख्त चेतावनीः** बेमेतरा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर अश्लील, अपमानजनक टिप्पणी, गाली-गलौज, धमकी भरा संदेश या किसी की छवि खराब करने वाली पोस्ट कानूनन दंडनीय अपराध है, जिसमें जेल और जुर्माना दोनों हो सकते हैं। पुलिस ने सभी नागरिकों से सोशल मीडिया का जिम्मेदारी से उपयोग करने और किसी भी तरह की आपत्तिजनक गतिविधि की सूचना तत्काल देने की अपील की है। यह कार्रवाई न केवल कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाती है, बल्कि समाज में यह सकारात्मक संदेश भी देती है कि साइबर अपराधों पर बेमेतरा पुलिस की पैनी नजर और त्वरित प्रतिक्रिया जारी है।

### फर्नीचर दुकान में आग, लाखों की ...

तो देखा कि फर्नीचर दुकान मे आग की लपटे निकल रही है तुरंत वह अन्य लोगों की सहायता से आग पर काबू पाने की प्रयास किया परंतु उस समय तक सब आग मे जलकर खाक हो चुका था। घटना की सूचना पर पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है,इस घटना का नगरवासीयो ने तीव्र भर्त्सना की है।

### नए फीडर लाइन कार्य शुरू ...

होने के बाद उपरोक्त क्षेत्रों में रहने वाले उपभोक्ताओं को अधिक स्थिर, गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिल सकेगी। विभाग के अधिकारी गुलाब राम साहू के अनुसार यह संपूर्ण कार्य आरडीएसएस के अंतर्गत किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य वितरण तंत्र को मजबूत बनाना और उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा प्रदान करना है। नई फीडर लाइन के पूर्ण रूप से संचालित हो जाने पर बार-बार लाइन बंद होने की समस्या से लोगों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है।

# 37 हजार किसानों ने बेचा 455 करोड़ रुपए का धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

जिले में धान खरीदी अभियान से किसानों में हर्ष व्याप्त है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी महाभियान के तहत शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक के मान से धान खरीदी की जा रही है।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशन में धान खरीदी सुचारू संचालन के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। धान खरीदी कार्य के के लिए इलेक्ट्रानिक तौल मशीन, पेयजल, पेयजल, छांव, बायोमैट्रिक डिवाईस मशीन, श्रमिक एवं अन्य व्यवस्था की गई है। आर्द्रता मापी यंत्र



से किसानों के धान का परीक्षण किया जा रहा है। जिले के सभी 96 धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की दर एवं सूची व फ्लैक्स लगाए गए है। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों की सतत निगरानी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# स्कूल का वातावरण भयमुक्त हो, शिक्षक बच्चों के हितैषी बनें : केजहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में चल रही ब्लूप्रिंट निर्माण एवं प्रश्नपत्र निर्माण कार्यशाला के चतुर्थ दिवस में विशेषज्ञों ने शिक्षण मनोविज्ञान, तनाव प्रबंधन और शिक्षक-छात्र संबंधों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। मुख्य वक्ता डीआरजी एवं व्याख्याता केजहा राम निषाद ने कहा कि स्कूल का वातावरण भयमुक्त होना अत्यंत आवश्यक है। शिक्षक का मित्रवत व्यवहार बच्चों के मन में यह विश्वास पैदा करता है कि शिक्षक उनके हितैषी हैं और उनके भविष्य को संवारने के लिए सदैव तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि जब बच्चों को यह महसूस होता है कि शिक्षक उनका भला चाहता है, तो वे अपनी कमी-कमजोरी स्वीकार कर शिक्षा-गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करते हैं। "अगर शिक्षक का भाव सकारात्मक है तो डांट भी बच्चे के विकास में बाधक नहीं बनती। व्याख्याता रवि चौहान ने कहा कि यदि किसी बच्चे को बचपन से कोई बीमारी या मानसिक समस्या हो, तो उसका मस्तिष्कीय संतुलन प्रभावित होता है और बच्चा अंतर्मुखी हो जाता है। हंसी-मजाक में की गई छींटाकशी, सहपाठियों द्वारा चिढ़ाना, घर का तनाव, परीक्षा-दबाव, शिक्षक की कठोरता—सभी कारण बच्चों में मानसिक तनाव बढ़ाते हैं। चौहान ने कहा कि तनावग्रस्त बच्चा कुछ भी नहीं सीख पाता, इसलिए पहले उसकी मानसिक स्वस्थता सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। तनाव के समय बच्चों से संवाद, मित्रवत व्यवहार तथा विश्वासपूर्ण वातावरण अत्यंत आवश्यक है।

## डाइट बेमेतरा में ब्लूप्रिंट निर्माण कार्यशाला के चौथे दिन शिक्षण-मनोविज्ञान पर विशेष जोर

### प्रशिक्षण का तीसरा चरण 15 से



कार्यशाला में डाइट प्राचार्य जेके घृतलहरे ने निर्देशित किया कि बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण का तीसरा चरण विकासखंड स्तर पर 15 से 31 दिसंबर के बीच अनिवार्य रूप से पूर्ण कराया जाएगा। यह प्रशिक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है और समयबद्ध तरीके से संपन्न किया जाना है। शुक्रवार सत्र में जिले के 32 विकासखंड स्रोत समूह शामिल रहे, जबकि 7 जिला स्त्रोत समूह (डीआरजी) द्वारा विषयानुसार प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिनमें विज्ञान केजहा राम निषाद,रसायन शास्त्र रवि चौहान,अंग्रेजी धर्मेंद्र शर्मा,भौतिक शास्त्र गीतांजलि निषाद,संस्कृत डालेश्वरी साहू,भूगोल लक्ष्मी नारायण गायकवाड़, राजनीति विज्ञान संजय चंतारे रहे। विकासखंड स्त्रोत समूह में रमेश वर्मा, चंद्रकांत दुबे, मनीषा चौबे, नेहा ठाकुर, डॉ. प्रियंका वर्मा सहित 32 प्रशिक्षक शामिल रहे। पूरे प्रशिक्षण का समन्वय डाइट व्याख्याता जी.एल. खुटियारे द्वारा सफलतापूर्वक किया जा रहा है।

## तैयारी : कलेक्टर व एसपी ने लिया तैयारियों का जायजा

# लोलेसरा में 21 से शुरू होगा संत समागम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय से 5 किमी दूर लोलेसरा मैदान में कबीरपंथ के वंश गुरु पंथ श्री उग्रनाम साहेब की स्मृति में 21 से 23 जनवरी तक 3 दिवसीय संत समागम मेले का आयोजन किया जाना है। तैयारियों को परखने और व्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने कलेक्टर रणबीर शर्मा तथा एसएसपी रामकृष्ण साहू ने लोलेसरा पहुँचे और स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने मेला स्थल पर चल रही तैयारी की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी व्यवस्थाएँ पूर्ण करने के निर्देश दिए।

■ समयपूर्व सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के दिए निर्देश

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग, साफ-सफाई, सुरक्षा प्रबंधन जैसी आवश्यक सुविधाओं के उचित एवं समयबद्ध प्रबंध को सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि मेले में आने वाले संतों और श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध हों ताकि आयोजन सुरक्षित, सफल और सुगम हो। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पानी टैंकर, मोबाइल टॉयलेट, सफाई व्यवस्था, सड़क समतलीकरण, ट्रैफिक एवं पार्किंग प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाएँ, महिला पुलिस की तैनाती सभी व्यवस्थाएँ निश्चित समय-सीमा के भीतर पूरी की जाएँ। उन्होंने अधिकारियों को मेले के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए सतर्क रहने और सभी प्रबंधों की नियमित निगरानी करने को कहा।

### एसपी रामकृष्ण साहू ने सुरक्षा प्रबंधन की समीक्षा की

एसपी रामकृष्ण साहू ने 3 दिवसीय समागम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती महिला पुलिस की उपस्थिति, भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण, आपातकालीन स्थिति से निपटने की तैयारी को प्राथमिकता दी जाए, ताकि पूरा आयोजन शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से सम्पन्न हो।

**मेला समिति और जनप्रतिनिधियों की सहभागिताः** कलेक्टर ने कबीरपंथ के पदाधिकारियों को सुझाव दिया कि 3 दिवसीय मेले में अलग-अलग दिनों पर वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए। मेला समिति के अध्यक्ष ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक में अपर कलेक्टर श्री प्रकाश भारद्वाज, जिले के अधिकारी-कर्मचारी, समिति के सदस्य तथा ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव उपस्थित रहे। लोलेसरा में आयोजित यह संत समागम न केवल कबीरपंथ की आध्यात्मिक धरोहर का प्रतीक है, बल्कि जिले में बड़े सांस्कृतिक आयोजन की उत्कृष्ट तैयारी और प्रशासन की सजगता का भी उदाहरण बनने जा रहा है।

## रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न पूर्व विधायक छाबड़ा रहे मुख्य अतिथि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

नगर पंचायत भिंभौरी में मून स्टार क्रिकेट क्लब एवं नगरवासियों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

फाइनल मुकाबला किंग कर्ण भिंभौरी और तूफान इलेवन कंडरका के बीच खेला गया, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए भिंभौरी की टीम विजयी रही। मुख्य अतिथि श्री छाबड़ा ने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि "खेल हमें आपस में मिलजुल कर रहने, सामाजिक सौहार्द बढ़ाने तथा संस्कृति से जुड़ने का माध्यम है। ऐसे आयोजन युवाओं में उत्साह पैदा करते हैं और नगर में हर्षोल्लास का माहौल निर्मित होता है।" उन्होंने आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजन होते रहने चाहिए, जिससे युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़े और शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बनी रहे।

समापन समारोह में नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इनमें समिति सदस्य शैलेन्द्र सोनी, देवेंद्र परगनिहा, डिगेश्वर साहू, झूमक धीवर, पार्षद नरेंद्र धीवर, प्रकाश यादव, जितेंद्र धीवर, विक्की साहू, चमन साहू, शंकर साहू, अभिजीत परगनिहा, चंद्रविजय धीवर, राजेंद्र वर्मा, रामगोपाल धीवर, सुखराम धीवर, उत्कल धीवर, प्रेमलाल साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल रहे। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न होने पर पूर्व विधायक छाबड़ा ने विजेता टीम को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और सभी आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

## सघन कुष्ठ खोज अभियान : मितानिनों ने घर-घर पहुंचकर किए स्वास्थ्य परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

साजा विकासखंड में सघन कुष्ठ खोज अभियान के तहत सभी ग्रामों में सतत सर्वे अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीमों के साथ मितानिन दीदियां घर-घर पहुंचकर प्रत्येक परिवार के सदस्यों की त्वचा पर दाग-धब्बों सहित अन्य लक्षणों की जांच कर रही हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार कुष्ठ रोग माइक्रोबैक्टीरियम लेप्री नामक जीवाणु से फैलता है, जो मुख्यतः ड्रॉपलेट इंफेक्शन यानी छींक-खांस के माध्यम से एक व्यक्ति से दूसरे में प्रसारित होता है। साजा बीएमओ डॉ. ए.के. वर्मा ने सभी स्वास्थ्य अमले को विशेष प्रशिक्षण देकर फील्ड में लोगों की सूक्ष्म जांच करने के निर्देश दिए हैं। अभियान की मॉनिटरिंग कारेसर प्रभारी रवि वर्मा एवं सुपरवाइजर के.के. निर्मला के मार्गदर्शन में की जा रही है।

■ मितानिन दीदियां कर रही हैं सतत जागरूकता और लक्षणों की जांच

इसी क्रम में एसएचसी घिवरी अंतर्गत ग्राम किरकी में आरएचओ राजेश जायसवाल ने विभिन्न सर्वे दलों के कार्यों का निरीक्षण किया तथा संदेहास्पद व्यक्तियों की मौके पर ही जांच की। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग के प्रारंभिक लक्षण बहुत साधारण होते हैं, जिन्हें सामान्य लोग भी पहचान सकते हैं, जैसे दाग-धब्बों पर खुजली न होना,प्रभावित स्थान पर बाल न होना,त्वचा का तेलिया या चमकदार दिखना, सुन्नपन महसूस होना,कानों में गठान या मोटापन,नसों में सूजन या दबाने पर दर्द,हाथ-पैर में झुनझुनी या सुन्नपन ,मितानिन दीदियां इन सभी लक्षणों की जानकारी लोगों को घर-घर जाकर दे रही हैं और संदेहास्पद मामलों को आगे जांच हेतु स्वास्थ्य संस्थान भेज रही हैं। स्वास्थ्य विभाग ने अपील की है कि यदि किसी भी व्यक्ति में ऐसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच एवं उपचार अवश्य कराएं, क्योंकि कुष्ठ रोग पूरी तरह उपचार योग्य है।

# मुरता के किसानों ने ग्रीष्मकालीन धान छोड़ अपनाया फसल चक्र परिवर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में इस वर्ष सामान्य से कम वर्षा होने के कारण कई क्षेत्रों में जल संकट की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका है।

■ कम वर्षा के चलते इस वर्ष लगाएंगे गेहूं, चना, सरसों और तिवड़ा

इसी गंभीर स्थिति को ध्यान में रखते हुए ग्राम-मुरता, तहसील नवागढ के किसानों ने इस वर्ष ग्रीष्मकालीन धान की जगह कम पानी वाली फसलों को अपनाने का सामूहिक निर्णय लिया है। किसान संतोष कुमार साहू ने बताया कि गत वर्ष ग्राम-मुरता में लगभग 55 एकड़ में ग्रीष्मकालीन धान की खेती की गई थी, जिसमें स्वयं उन्होंने 5 एकड़ में धान लगाया था। लेकिन इस फसल के कारण ग्रीष्म ऋतु में गंभीर जल संकट उत्पन्न हुआ और पेयजल की उपलब्धता भी प्रभावित हुई। पानी की इसी कमी से सबक लेते हुए ग्राम के किसानों ने इस बार जल संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए फसल चक्र परिवर्तन अपनाने का निर्णय लिया है।

**कृषि विभाग ने की किसानों से अपीलः** इस वर्ष जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा भी किसानों से अपील की गई है कि कम वर्षा को देखते हुए गर्मी में धान की जगह रबी फसलें लें, जिससे पानी की बचत हो सके और भविष्य में पेयजल संकट न आए। इसी के अनुरूप ग्राम-मुरता के किसानों ने निर्णय लिया है कि इस बार खेतों में गेहूं, चना, सरसों, तिवड़ा और अन्य दलहन-तिलहन जैसी कम पानी वाली फसलें बोई जाएंगी, जो मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के साथ-साथ जल संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

### दलहन-तिलहन का समर्थन मूल्य पर किया जा रहा उपार्जनः किसान

किसानों का मानना है कि प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण योजना के तहत सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से रबी में दलहन-तिलहन फसलों का समर्थन मूल्य पर उपार्जन किया जा रहा है, जिससे इन फसलों की खेती करने पर उन्हें आर्थिक लाभ भी मिलेगा। साथ ही, जल संकट के दौरान निस्तारी एवं पेयजल की समस्या भी नहीं होगी। संतोष साहू ने सभी किसान भाइयों से आग्रह किया है कि इस वर्ष फसल चक्र परिवर्तन अपनाकर मिट्टी को स्वस्थ रखें, पानी की बचत करें और अपनी कृषि को टिकाऊ दिशा में आगे बढ़ाएं। उनका कहना है कि सामूहिक रूप से लिया गया यह निर्णय गांव के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## चंडीधाम करमू में 14 को आयोजित होगी व्याख्यानमाला प्रतियोगिता

**बेमेतरा।** मां भद्रकाली जिला मानस संघ द्वारा 14 दिसंबर जिलेस्तरीय व्याख्यानमाला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता जिले के चारों ब्लॉक—बेमेतरा, साजा, नवागढ़ एवं बेरला में एक साथ सम्पन्न होगी। इसी श्रृंखला में साजा ब्लॉक का भव्य आयोजन चंडीधाम करमू में किया जाएगा। इस व्याख्यान माला का शुभारंभ प्रातः10 बजे सामूहिक हनुमान चालीसा के बाद होगा, जिसके बाद प्रतिभागी व्याख्याकार क्रमशः निर्धारित प्रसंगो पर श्री राम चर्चा करेंगे। ज्ञात हो कि इस आयोजन में 26 व्याख्याकार ब्लाक साजा तथा 07 व्याख्याकार दूसरे जिले के प्रतिभागी सम्मिलित होंगे। प्रतियोगिता को सफल बनाने तैयारियाँ जोर–शोर से जारी हैं। मां भद्रकाली तहसील मानस संघ साजा के अध्यक्ष श्रवण कुमार साहू के नेतृत्व में पदाधिकारीगण खेलन सिंह राजपूत, ईश्वर चंद्राकर, सीता पाटिल, रविदास मानिकपुरी, विनोद साहू, तोरन चंद्राकर, डाकवर ठाकुर, दानीनाथ योगी एवं वासुदेव सोनवानी—पूरी निष्ठा से जुटे हुए हैं। मंच संचालन रविदास मानिकपुरी करेंगे।

■ ब्लाक सहित दूसरे जिले के व्याख्याकार भी रहेंगे प्रतिभागी

## सिख गुरुद्वारा में 11वां महान कीर्तन दरबार प्रारंभ



**बेमेतरा।** गुरुद्वारा बेमेतरा में साधु संगत और प्रबंधक कमेटी के सहयोग से 12 से 14 दिसंबर तक आयोजित 11वां महान कीर्तन दरबार श्रद्धा और भक्ति के उत्साह के साथ शुरू हुआ। तीन दिवसीय इस दिव्य समागम में देश-प्रदेश के कई जिलों से साधु-संगतें शामिल होकर गुरुवाणी कीर्तन का लाभ ले रही हैं।

कार्यक्रम में विशेष रूप से दरबार साहिब अमृतसर से पहुँचे रागी जत्थे सिमरप्रित सिंह जी तथा शिमला से आए गुरप्रीत सिंह जी ने अपनी सुरीली वाणी से वातावरण को गुरु-मय कर दिया। वहीं गुरुद्वारा बेमेतरा के हजूरी रागी अशोक सिंह ने भी कीर्तन प्रस्तुत कर संगत को निहाल किया। यह महान कीर्तन दरबार, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी बेमेतरा के दिवंगत अध्यक्ष स्व. गुरुदयाल सिंह चाँवला की सोच, मेहनत और संकल्प का फल माना जा रहा है। कमेटी के सदस्यों का कहना है कि इस बार का समागम भव्य और ऐतिहासिक बनाना ही स्व. चाँवला जी के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। समागम के दौरान पंजाबी पारा वार्ड के पार्षद एवं नगर पालिका के सभापति विकास तम्बोली ने अमृतसर और शिमला से आए रागी जत्थों के दर्शन कर उनका स्वागत-अभिनंदन किया। साथ ही राहुल बग्गा, उत्सव सलूजा, हनी दत्ता, राहुल सलूजा सहित अन्य श्रद्धालुओं ने भी रागी भाईयों का स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरुद्वारा परिसर में चल रहा यह कीर्तन दरबार शहर में आध्यात्मिक वातावरण का संचार कर रहा है। तीन दिनों तक गुरुवाणी, सेवा और संगत से बेमेतरा की धार्मिकता में नई ऊर्जा का संचार होने की उम्मीद है।

## स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ लेने के लिए किया प्रेरित

# विश्वव्यापी स्वास्थ्य कवरेज दिवस पर जिले में हुआ स्वास्थ्य शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विश्वव्यापी स्वास्थ्य कवरेज दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सरोज नंद दास के मार्गदर्शन तथा सचिव अनिता कोशिमा रावटे की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

ग्राम पंचायत गुनरबोड़ स्थित श्रीश्याम शक्ति फ्लाई ऐश ब्रिक्स एवं ईंट भट्ठा, तथा नवीन निर्माणाधीन न्यायालय भवन परिसर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा श्रमिकों हेतु स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में स्टाफ नर्स दीपांजली डेनियल द्वारा बीपी एवं शुगर परीक्षण, वहीं नेत्र सहायक अधिकारी दीपा शर्मा द्वारा नेत्र परीक्षण करआवश्यकतानुसार दवाइयाँ उपलब्ध कराई गईं। साथ ही श्रमिकों को नियमित टीकाकरण (विशेषकर टिटनेस टीका), स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बनाए रखने तथा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान भारत, जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम सहित अन्य शासकीय स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त वृद्धाश्रम कंतेली एवं वृद्धाश्रम कोबिया में भी वृद्धजनों के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया।

गाँव बीजाभाठ स्थित ईंट भट्ठा तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चेचानमेटा (वि. खण्ड साजा) में अधिकार मित्रों द्वारा जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए गए, जिसमें नालसा-सालसा की योजनाओं एवं जनहितकारी अभियानों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वीना हिरवानी ने नेशनल ट्यूबरकुलोसिस एलिमिनेशन प्रोग्राम, नेशनल डायलिसिस प्रोग्राम, प्रदूषण के प्रभाव एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य के विषय में विस्तार से जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग से किशन रत्नाकर (फिजियोथैरेपिस्ट), प्रीति जंघेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**ये रहे उपस्थितः** वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा से दिनेश तिवारी, चीफ एलएडीसी तथा समस्त असिस्टेंट, लीगल एड डिफेंस काउंसिल और पैरालिगल वॉलंटियर्स तरुण आनंद, पंकज घृतलहरे, पवन कुमार साहू, टुवेंद्र वर्मा, धरमू बारले, देवेंद्र यादव, चेतन सिंह साहू, नागेश सिन्हा आदि की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप



### नशे में वाहन चलाने पर बेमेतरा पुलिस ने 10 हजार का जुर्माना वसूला

**बेमेतरा।** सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को लेकर बेमेतरा पुलिस इन दिनों विशेष अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत शराब सेवन कर वाहन चलाने वालों पर लगातार कड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम जिलेभर में चेकिंग अभियान चला रही है। अभियान के दौरान भारी वाहन, तेज रफ़्तार, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, दोपहिया पर तीन सवारी और नशे में ड्राइविंग जैसे गंभीर उल्लंघनों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। इसी अभियान के तहत थाना सिटी कोतवाली पुलिस टीम ने शराब के नशे में गाड़ी चलाते पकड़े गए एक वाहन चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 के तहत आरोपी पर 10,000 रुपये समन शुल्क लगाया। कार्रवाई के दौरान थाना सिटी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा सहित पुलिस टीम मौजूद रही। प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा ने बताया कि नशे की हालत में वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई लगातार जारी है। कुछ मामलों में वाहनों को जब्त भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य सड़क हादसों को कम करना और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है और नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

### नशीली दवाओं के साथ 6 आरोपी गिरफ्त में



**भिलाई।** नशीली दवाओं के साथ 6 आरोपी युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्श्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नशीली दवाओं का अवैध कारोबार करने की जानकारी दादर में बेचने की मिली थी। दबिश देकर भिलाई तीन पुलिस ने दादर चरोदा निवासी कमल किशोर उर्फ भीम, संगम चौक चरोदा भिलाई तीन चंद्रकांत साहू उर्फ पटवारी को पकड़ा गया। जिसके पास से तीन मोबाईल, नशीली दवाई 840 नग जब्त किया गया। जिसकी कीमत 3.36 लाख रुपए आंकी गई। जांच में पता चला कि आरोपी कमल, चंद्रकात अन्य साथीगण राजीव नगर, जोन 02, बीएम.वाय चरोदा निवासी नितेस दास , सूरज नगर जी केबिन मनीष राज, रामनगर शीतला पारा रायपुर पारस साहू, कबीर नगर चरोदा अब्दुल तसलीम के द्वारा अवैध प्रतिबंधित नशीली दवा खरीदना बेचना स्वीकार किया।

### कार से स्टंट करते तीन चालकों पर हुई कार्रवाई



**भिलाई।** कार में स्टंट करने वाले तीन चालको के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने चालानी कार्रवाई की है। घटना 10 दिसंबर की रात की है। स्टंटबाजों ने लाइन से तीन कार से सेंट्रल ऐवन्यू पर रैली निकाली थी। सभी कारों के गेट खोलकर गाड़ी चलाने और गेट पर बैठकर वीडियो बनाया। वीडियो को एक छात्र नेता ने सोशल मीडिया पर अपलोड भी किया था। ट्रैफिक पुलिस ने 11 दिसंबर को चालको के खिलाफ कार्रवाई किया। ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक 9 दिसंबर को सोशल मीडिया और कंट्रोल रूम के माध्यम से पुलिस को वीडियो मिला। वीडियो में तीनों वाहन चालक अपनी कार की खिड़कियों से बाहर झुककर तेज रफ्तार में स्टंट करते दिख रहे है। जिससे न सिर्फ उनकी जान जोखिम में थी, बल्कि राहगीरों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई। वीडियो सामने आते ही ट्रैफिक पुलिस ने बिना देरी किए जांच शुरू की और करीब 24 घंटे के भीतर तीनों वाहनों को खोज निकाला।

